शहरी विकास निदेशालय, उत्तराखण्ड।

31/62, राजपुर रोड, देहरादून।

संख्याः ५६७१ /श0वि0नि0–17–18–99(विविध–प्रति0)/2011

देहरादून : दिनांक ~~जनवरी~~ 1-फरवरी, 2018

सार्वजनिक सूचना

पालिका केन्द्रीयित सेवा के अधीन सीधी भर्ती के निम्न संवर्गो में रिक्त पदों को लोक सेवा आयोग से नियमित अभ्यर्थी उपलब्ध होने अथवा 01 वर्ष जो भी पहले हो, की अवधि तक प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरे जाने के सम्बन्ध में निर्धारित अर्हताधारी ऐसे राजकीय विभागों/निगमों में नियमित रूप से नियुक्त इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है उक्त पदों हेतु अनिवार्य अर्हता विभागीय वेबसाईट www.udd.uk.gov.in/कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती हैः–

क्र0 सं0	पदनाम	वेतनवैण्ड	प्रतिनियुक्ति हेतु पदों की संख्या
1–	अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत	5,200–20,200 ग्रेड पे रू0 2,800/–	24
2–	सहायक अभियन्ता (सिविल)	15,600–39,100 ग्रेड पे रू0 5,400/–	06
3–	अवर अभियन्ता (इलैक्ट्रिकल)	9,300–34,800 ग्रेड पे रू0 4,600/–	07
4–	अवर अभियन्ता (सिविल)	9,300–34,800 ग्रेड पे रू0 4,600/–	19
		योग	56

2– उक्तानुसार राजकीय विभागों में नियमित/स्थाई रूप से नियुक्त/इच्छुक अधिकारी, कर्मचारी अपने आवेदन पत्र के साथ **सेवा विवरण (पूर्ण बायोडाटा सहित) तथा विभागीय अनापत्ति सहित** निदेशालय में विज्ञप्ति प्रकाशन होने की तिथि से 15 दिन के अन्दर पंजीकृत पत्र के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर प्रेषित कर सकते है। स्थानीय निकायों में कार्यरत कार्मिकों के आवेदन किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वतः निरस्त समझे जायेंगे।

3– पूर्व निर्गत विज्ञप्ति दिनांक 25–05–2017 के क्रम में अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत एवं सहायक अभियन्ता (सिविल) के पदों हेतु आवेदन करने वाले कार्मिकों द्वारा पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। सम्बन्धित कार्मिक सक्षम अधिकारी की विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे।

निदेशक,
शहरी विकास निदेशालय।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपिः–

1– सचिव, शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन को सूचनार्थ प्रेषित।

2– निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड को इस अनुरोध सहित प्रेषित कि कृपया उपरोक्त सूचना प्रदेश में सर्वाधिक रूप से प्रकाशित होने वाले कम से कम 02 दैनिक समाचार पत्रों में कम से कम स्पेस में डी0ए0वी0पी0 की दरों पर प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

3– समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।

4– श्री चन्द्रप्रकाश रावत, एम0आई0एस0 विशेषज्ञ को इस निर्देश सहित प्रेषित कि उक्त सूचना विभागीय वैवसाईड पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

5– नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

01/02/18

निदेशक,
शहरी विकास निदेशालय।

पालिका केन्द्रीयित सेवा के अन्तर्गत प्रतिनियुक्ति पर लिये जाने वाले पदों हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता आदि का विवरण

क्र0 सं0	पदनाम	वेतनवैण्ड	प्रतिनियुक्ति हेतु पदों की संख्या	निर्धारित अर्हता का विवरण
1–	अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत	5,200–20,200 ग्रेड पे रू0 2,800/–	24	किसी राजकीय विभाग में कार्यरत ऐसे नियमित रूप से नियुक्त कार्मिक जो रू0 2,800/– ग्रेड वेतन में कार्यरत हो अथवा जिन्होंने ग्रेड वेतन रू0 2,000/– में 07 वर्ष अथवा ग्रेड वेतन रू0 2,400/– में 03 वर्ष की अनवरत् सन्तोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो तथा जिन्हें प्रशासनिक पदों पर कार्य करने का अनुभव हो। ग्राम विकास विभाग एवं प्रशानिक विभागों में कार्यरत कार्मिकों को वरीयता दी जाएगी।
2–	सहायक अभियन्ता (सिविल)	15,600–39,100 ग्रेड पे रू0 5,400/–	06	किसी राजकीय विभाग/निगम में कार्यरत नियमित/स्थायी सहायक अभियन्ता अथवा ऐसे नियमित/स्थायी अपर सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता (सिविल), जिन्होने कम से कम 07 वर्ष की अनवरत् सन्तोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो।
3–	अवर अभियन्ता (इलैक्ट्रिकल)	9,300–34,800 ग्रेड पे रू0 4,600/–	07	केन्द्र/राज्य सरकार के किसी भी विभाग/स्वायत्तशासी संस्था में कार्यरत नियमित/स्थायी अवर अभियन्ता (इलैक्ट्रिकल)
4–	अवर अभियन्ता (सिविल)	9,300–34,800 ग्रेड पे रू0 4,600/–	19	केन्द्र/राज्य सरकार के किसी भी विभाग/स्वायत्तशासी संस्था में कार्यरत नियमित/स्थायी अवर अभियन्ता (सिविल)
		योग	56	